मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-196
23/06/2019

खगड़िया, जमुई, बांका, बक्सर एवं बेगूसराय में वज्रपात/आंधी–तूफान एवं वर्षा के कारण हुई लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है, मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 23 जून 2019 :– आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त सूचनानुसार दिनांक 21 जून एवं 22 जून 2019 को राज्य में आये वज्रपात/आंधी–तूफान एवं वर्षा से खगड़िया में 03, जमुई में 02, बक्सर में 01, बेगूसराय में 01 तथा बांका में 03 लोगों की हुई मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने तत्काल मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस आपदा में घायल हुये लोगों को अनुमान्य अनुदान उपलब्ध कराने एवं उनके समुचित इलाज के प्रबंध करने के निर्देश दिये है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******